ताई

कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी
पाठ : २
पाठ का नाम : ताई
PPT-5

(ग) रामेश्वरी बेहोशी की हालत में प्रलाप क्यों करती थी ?

उत्तर = रामेश्वरी बेहोशी की हालत में प्रलाप करती थी क्योंकि जब मनोहर छज्जे से नीचे गिर पड़ा , यह देखकर रामेश्वरी चीख मारकर छज्जे पर गिर पड़ी। रामेश्वरी एक सप्ताह तक बेहोश पड़ी रही। कभी - कभी बड़े जोर से चिल्ला उठती। उसे इस बात का झटका लगा था कि शायद वह मनोहर को गिरने से बचा सकती थी और बचाने में देर कर दी। इसी प्रकार के प्रताप वे किया करतीं।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर –

(क) रामजीदास रामेश्वरी को मनोहर से प्रेम करने के लिए क्यों कहते थे? रामेश्वरी मनोहर से घृणा क्यों करती थी ?

उत्तर = रामजीदास रामेश्वरी को मनोहर से प्रेम करने के लिए इसालिए कहते थे कि वे स्वयं भी मनोहर को किसी प्रकार का कोई कष्ट हो। रामेश्वरी मनोहर से इसीलिए घृणा करती थी क्योंकि मनोहर रामेश्वरी का अपना बेटा नहीं था।

(ख) रामेश्वरी को जब भी अवसर मिलता तो वह मनोहर पर किस प्रकार अपना क्रोध प्रकट करती ? एक उदाहरण दीजिए।

उत्तर रामेश्वरी को जब भी अवसर मिलता तो वह मनोहर पर अपना क्रोध प्रकट करती। जैसे - रेलगाड़ी के माँगने पर ताऊ जी ने कहा - ला देंगे। जब रामजीदास ने मनोहर से रेलगाड़ी में किस - किस को बिठाने की बात पूछी , तब मनोहर ने ताई जी के लिए न में उत्तर दिया। रामजीदास मनोहर को उनकी गोद में बिठाने की चेष्टा की तो रामेश्वरी ने उसे अपनी गोद से धकेल दिया 1

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

भाषा ज्ञान

१ . हृदय में चोट लगना = दुख पहुँचाना

खोपड़ी पर लादना = ज़बरदस्ती सिर पर लादना

कलेजा मुँह को आना = चित्त व्याकुल होना

कलेजा पसीजना = दया उत्पन्न करना

इस प्रकार वाक्यांश को मुहावरा कहते हैं।

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(क) **भौंहे तानना** = क्रोध करना / नाराज होना।

वह स्वभाव से ही क्रोधी है , छोटी - छोटी बातों पर भी भौंहें तान लेता है।

(ख) **गिरगिट की तरह रंग बदलना**= सिद्धांतहीन होना / अवसरवादी होना।

रानी का विश्वास मत करना , वह तो गिरगिट की तरह रंग बदलती है।

(ग) **मुँह ताकना** = दूसरों पर निर्भर करना ।जो कर्मशील होते हैं वे किसी का मुँह नहीं ताकते।

(घ) **सोच में घुला करना** = चिंता करना / चिंतित रहना ।जो हमारे वश में नहीं , उसके लिए सोच में घुला करना व्यर्थ है।

(ङ) **हृदय में लगाना** = अपने दिल से जोड़ना।

काफी समय बाद मिलने पर बूढ़ी माँ ने अपने बेटे को हृदय से लगा लिया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

क्रियाकलाप

- सही शब्द चुनकर मुहावरे लिखिए–

नाच न, पलकें, गले का, लोहा, खबर, दाँत, घर का, पहाड़, आँखों का, चोर की दाढ़ी, ढोल, नौ, टाँग

अड़ाना, जाने आँगन टेढ़ा, हार, बिछाना, दो ग्यारह होना, पीटना, लेना, टूटना, में तिनका, खट्टे करना, उजाला, तारा, मानना

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

उत्तर

निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

1. नाच न जाने आँगन टेढ़ा
2. घर का उजाला
3.पलकें बिछाना
4. पहाड़ टूटना
5. गले का हार
6. आँखों का तारा
7. लोहा लेना
8. चोर की दाढ़ी में तिनका
9. खबर लेना
10. ढोल पीटना
11. दाँत खट्टे करना
12. नौ दो ग्यारह होना
13. टाँग अड़ाना

गृहकार्य - प्रश्नोत्तर को कॉपी में लिखकर पढ़ना।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP

Changing your Tomorrow